Title : Request to establish Super Speciality Trauma Center at Nurpur and Bathri in Kangra and Chamba districts respectively

डॉ. राजीव भारद्वाज (कांगड़ा) : सभापति महोदया, मैं पहली बार चुन कर देश की सर्वोच्च पंचायत लोक सभा में पहुंचा हूं, इसके लिए मैं आपका एवं अपने क्षेत्र की जनता का, जिसे मैं अपना भगवान मानता हूं, उनका कोटि-कोटि वंदन करता हूं। मुझे शून्य काल के अंतर्गत बोलने का मौका दिया गया है, तो मैं आपके माध्यम से आदरणीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्रीमान जगत प्रकाश नड्डा जी से कहना चाहता हूं कि कांगड़ा लोक सभा क्षेत्र दो भागों में विभक्त है - जिला कांगड़ा और जिला चम्बा। ये दुर्गम क्षेत्र हैं। यहां दुर्घटना की संभावना हर समय बनी रहती है। इसके लिए मेरे लोक सभा क्षेत्र में बहुत बड़ा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नहीं है।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि जिला कांगड़ा में नूरपुर विधान सभा क्षेत्र और जिला चम्बा में बाथरी क्षेत्र, जो बिल्कुल नेशनल हाइवे से सटे हुए क्षेत्र हैं, यहां पर दो आधुनिक ट्रामा सेंटर्स स्थापित करने की कृपा करें, क्योंकि दुर्घटना की स्थिति में हमें साथ के प्रदेश पंजाब में जाना पड़ता है। गंभीर दुर्घटना की स्थिति में मरीज वहां तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। मेरी यह प्रार्थना है कि जिला कांगड़ा के नूरपुर में और जिला चम्बा के बाथरी में सुपर स्पेशियलिटी ट्रामा सेंटर स्थापित करने की कृपा करें, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी रहूंगा।